1. खुले हुए पेज के दाहिनी ओर स्थित "New Registration" पर क्लिक करके अपना लॉगिन आईडी (Login ID) बनाएं।
2. पंजीकरण ईमेल आईडी के माध्यम से किया जाएगा और एक ईमेल आईडी से केवल एक ही पंजीकरण किया जा सकता है, जिसे बाद में बदला नहीं जा सकेगा। इसलिए मान्य (सही और सक्रिय) ईमेल आईडी का ही उपयोग करें, क्योंकि ओटीपी (OTP) उसी ईमेल पर भेजा जाएगा।
3. बनाए गए Login ID एवं पासवर्ड को नोट करके सुरक्षित रखें।
4. लॉगिन ID बनाने के बाद, उसी पेज पर दाहिनी ओर "Login" पर क्लिक करें और अपना पूर्ण विवरण (नाम, पिता का नाम, माता का नाम, ईमेल आदि) भरकर अपनी प्रोफाइल (Profile) को पूर्ण करें।
5. प्रोफाइल पूर्ण करने के बाद पंजीकरण शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करें।
6. यदि खाते से राशि कट जाए लेकिन भुगतान सफल (Successful) न हो, तो 48 घंटे तक दुबारा भुगतान न करें।
7. भुगतान सफल होते ही आपका (JNCURN) का प्रिंट, Print Form पर क्लिक करके कभी भी प्राप्त कर सकते हैं।
8. अभ्यर्थी महाविद्यालय में प्रवेश आवेदन हेतु इस (JNCURN) नं0 का प्रयोग करे।